INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL (IQAC), SBKR GDC CHURIYALA, BHAGWANPUR, HARIDWAR.

5 /आई0क्यू0ए0सी0बैठक–नोटिस/बैठक/2022–23 दिनांक 10 मई, 2022

## नोटिस

आन्तरिक गुणवत्ता एवं मूल्यांकन प्रकोष्ठ (आई0क्यू0ए0सी0) के समस्त सम्मानित सदस्यों एवं महाविद्यालय के अन्य समस्त प्राध्यापकगण से अनुरोध है कि प्रकोष्ठ की बैठक के लिए आज दिनांक 10 मई, 2022, मंगलवार को अपराह्न 03:00 बजे आई0क्यू0ए0सी0 कक्ष में उपस्थित होने का कष्ट करें। बैठक के एजेण्डा बिन्दु संलग्न हैं।

(डा0 मु0 अब्दुल अलीम अन्सारी)
संयोजक, आई0क्यू0ए0सी0

1. डा0 अब्दुल अलीम अन्सारी – संयोजक
2. डा0 पीयूष पटेल
3. डा0 शनव्वर 10.05.22
4. डा0 सचिन चौहान
5. डा0 श्वेता सिंह
6. डा0 दीप्ति मैठाणी

आमंत्रित सदस्य

1. डा0 आर0पी0द्विवेदी 10 May 22
2. डा0 सी0पी0सिंह 10/5/202
3. डा0आशुतोष विक्रम सिंह
4. डा0 कविता बिष्ट
5. डा0 रेखा देवी

आभा कि
10/05/22

INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL (IQAC), SBKR GDC CHURIYALA, BHAGWANPUR, HARIDWAR.

5/आई0क्यू0ए0सी0बैठक–ऐजेण्डा बिन्दु/2022–23 दिनांक 10 मई, 2022

**ऐजेण्डा बिन्दु**

1. गत बैठक दिनांक 17 नवम्बर, 2021 के कार्यवृत्त एवं तत्क्रम में कृत कार्यवाहियों पर चर्चा एवं पुष्टि।
2. उच्च शिक्षा निदेशालय उत्तराखण्ड के देहरादून स्थित क्षेत्रीय कार्यालय के पत्रांक 143/नैक/2022–23 दिनांक 05.05.2022 के क्रम में प्रस्ताव भेजने के सम्बन्ध में चर्चा।
3. अध्यक्ष की अनुमति से कोई अन्य सुसंगत बिन्दु।

10.05.2022
(डा0 एम0 ए0 ए0 अन्सारी)
संयोजक, IQAC

INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL (IQAC), SBKR GDC CHURIYALA, BHAGWANPUR, HARIDWAR.

10 May 2022

## आई0क्यू0ए0सी0 (10.05.22)

### उपस्थिति

| क्र.स. | नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 1 | डा. आर. ए. तिवारी | 10 May 2022 |
| 2 | डॉ [illegible] | 10/5/2022 |
| 3 | डा० [illegible] अन्सारी | 10-5-22 |
| 4 | | |
| 5 | Dr. Piyush Patel | |
| 6 | Dr SHAMKUMAR | |
| 7 | Dr Sachin Km | |
| 8 | Ashutosh | |
| 9 | Dr. Shweta Singh | |
| 10 | Kavita Bisht | |
| 11 | Deepti Maithani | |
| 12 | Km. Rekha Devi | Rekha |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

[illegible]

10/05/22

10.5.2022

INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL (IQAC), SBKR GDC CHURIYALA, BHAGWANPUR, HARIDWAR.

PHOTOGRAPH OF IQAC MEETING DATED 10.05.2022 TUESDAY AT 03:00 PM

INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL (IQAC), SBKR GDC CHURIYALA, BHAGWANPUR, HARIDWAR.

5/आई0क्यू0ए0सी0बैठक–कार्यवृत्त/2022–23 दिनांक 10 मई, 2021

**महाविद्यालय आई0क्यू0ए0सी0 की बैठक दिनांक दिनांक 10 मई, 2021, (बुधवार, अपरान्ह 02:00 बजे) का कार्यवृत्त**

उपस्थित सदस्यण आई0क्यू0ए0सी0:–

1. डा0 अब्दुल अलीम अन्सारी – संयोजक
2. डा0 पीयूष पटेल
3. डा0 शनव्वर
4. डा0 सचिन कुमार
5. डा0 श्वेता सिंह
6. डा0 दीप्ति मैठाणी

आमंत्रित सदस्यगण

1. डा0 आर0 पी0 द्विवेदी
2. डा0 सी0 पी0 सिंह
3. डा0 आशुतोष विक्रम सिंह
4. डा0 कविता बिष्ट
5. कु0 ~~कविता~~ रेखा देवी

आज दिनांक दिनांक 10 मई, 2021, बुधवार, अपरान्ह 02:00 बजे बजे श्री बाबू कलीराम राकेश राजकीय महाविद्यालय चुड़ियाला, भगवानपुर में स्थित आन्तरिक गुणवत्ता मूल्यांकन प्रकोष्ठ (आई0क्यू0ए0सी0) कक्ष में प्राचार्य महोदय के अनुमोदन से प्रकोष्ठ की बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रकोष्ठ संयोजक डा0 मु0 अब्दुल अलीम अन्सारी द्वारा की गई। सर्वप्रथम अध्यक्ष द्वारा बैठक में प्रतिभाग कर रहे प्रकोष्ठ सदस्यों एवं आमंत्रित प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात बैठक में विभिन्न ऐजेण्डा बिन्दुओं पर निम्नवत् चर्चा की गई–

**एजेण्डा बिन्दु 1:–** *गत बैठक दिनांक 17 नवम्बर, 2021 के कार्यवृत्त एवं तत्क्रम में कृत कार्यवाहियों पर चर्चा एवं पुष्टि।*

गत बैठक के सर्वसम्मति से पारित कार्यवृत्त पर चर्चा में उसके विभिन्न ऐजेण्डा बिन्दुओं के अनुपालन के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। ऐजेण्डा बिन्दु 1, 2 एवं 3 के क्रम में नैक प्रत्यायन हेतु आवश्यक विभागीय सूचनाओं के संग्रहण में हो रही कठिनाईयों और उनके निवारण के उपायों के सम्बन्ध में हुई चर्चा में वरिष्ठ प्राध्यापकों द्वारा दिए गए सुझावों को प्राचार्य महोदय के निर्देशानुसार सम्मिलित करते हुए नैक प्रत्यायन के सात मापदण्डों के अनुरूप सात वरिष्ठ प्राध्यापकों में कार्यविभाजन निम्नवत् किया गया था–

| | |
|---|---|
| 1. Curricular Aspects - | 1. डा0 आर0 पी0 द्विवेदी |
| 2. Teaching-Learning and Evaluation - | 2. डा0 सी0 पी0 सिंह |
| 3. Research, Innovations and Extension - | 3. डा0 पीयूष पटेल |
| 4. Infrastructure and Learning Resources - | 4. डा0 शनव्वर |
| 5. Student Support and Progression - | 5. डा0 आशुतोष विक्रम सिंह |
| 6. Governance, Leadership and Management - | 6. डा0 शैलेन्द्र कुमार सिंह |

हर मापदण्ड से सम्बन्धित बिन्दुओं की सूचना संकलन की जिम्मेदारी सम्बन्धित प्राध्यापक की तय की गई जिसे यथाशीघ्र प्रकोष्ठ में नैक प्रभारी को उपलब्ध कराए जाने

हेतु निर्देशित किया गया था। किन्तु इसी बीच विधान सभा चुनाव 2022 में मतदान ड्यूटियां लगने तथा शीतावकाश के कारण न तो आईक्यूएसी की बैठक आहूत की जा सकी न ही नैक की सात मापदण्डों में से किसी भी मापदण्ड में किसी भी बिन्दु पर सूचना संकलित कर उपलब्ध कराई गई। ऐसी परिस्थितियों में नैक प्रभारी के पास पुनः रणनीति बदलने के अलावा कोई चारा शेष नहीं रहा है। सभी के द्वारा अतिरिक्त समय की मांग भी की गई है जिसे अगली बैठक तक स्वीकार भी किया गया है।

**(कार्यवाही– समस्त महाविद्यालय अधिकारी / कर्मचारीगण)**

**एजेण्डा बिन्दु 2:–** *उच्च शिक्षा निदेशालय उत्तराखण्ड के देहरादून स्थित क्षेत्रीय कार्यालय के पत्रांक 143 / नैक / 2022–23 दिनांक 05.05.2022 के क्रम में प्रस्ताव भेजने के सम्बन्ध में चर्चा।*

संयुक्त निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, उच्च शिक्षा, देहरादून के समस्त प्राचार्यगण, राजकीय स्नातक / स्नातकोत्तर महाविद्यालय, उत्तराखण्ड को सम्बोधित महाविद्यालय में नैक प्रत्यायन के सम्बन्ध में पत्रांक 143 / नैक / 2022–23 दिनांक 05.05.2022 को प्राचार्य महोदय के निर्देशानुसार बैठक में सब के सम्मुख रखा गया जिसके माध्यम से अवगत कराया गया है कि वर्तमान में रूसा के तृतीय चरण के अन्तर्गत नैक प्रत्यायन में आसानी के लिए राजकीय महाविद्यालयों को सुदृढ़ किया जाना है। नैक प्रत्यायन में सात बिन्दुओं में से बिन्दु संख्या–04 के अन्तर्गत रूसा द्वारा प्रस्ताव आमंत्रित किये जाने हैं। जिसमें मुख्यतः शिक्षण कक्ष, प्रयोगशालाएं, सभागार, अतिथि गृह, प्राचार्य कक्ष, कार्यालय, NCC/NSS/ Rover Rangers कक्ष, कैन्टीन, वाचनालय, पुस्तकालय, प्रसाधन कक्ष छात्र–छात्रा, रैम्प, स्मार्ट कक्षा, क्रीड़ा स्थल, पार्किंग, डिस्पेंसरी आदि शामिल हैं। नैक के अधिकतम 1000 अंकों में से 10 प्रतिशत अर्थात 100 अंक इन पर आधारित हैं। अतः उक्त के क्रम में महाविद्यालय से निर्धारित प्रारूप पर प्रस्ताव की मांग की गई है।

इस विषय में समस्त उपस्थित सदस्यगण द्वारा विचार विमर्श किया गया। नैक प्रत्यायन के अन्तर्गत मानकानुरूप संसाधनों की महाविद्यालय में उपलब्धता / कमी का विवरण निर्धारित तालिकानुसार उपलब्ध कराते हुए प्रस्ताव प्रेषित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया ताकि रूसा के अन्तर्गत प्रस्ताव के माध्यम से कमियों को पूर्ण कर नैक में अधिकतम अंक प्राप्त किए जा सकें। चर्चा उपरान्त वांछित एवं उपलब्ध संसाधनों का विवरण निम्नवत् तैयार किया गया–

| क्र0सं0 | मद | मानक | उपलब्धता | कमी | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्राचार्य कक्ष (500 वर्गफुट) | 01 | 01 | – | |
| 2 | विभागाध्यक्ष / स्टाफ कक्ष (500 वर्गफुट) | 11 | 11 | – | |
| 3 | कार्यालय कक्ष (500 वर्गफुट) | 01 | 01 | – | |
| 4 | अभिलेखागार कक्ष (200 वर्गफुट) | 01 | 01 | – | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | भण्डार कक्ष (200 वर्गफुट) | 01 | — | 01 | |
| 6 | परीक्षा कक्ष (600 वर्गफुट) | 01 | 01 | — | |
| 7 | व्याख्यान कक्ष (900 वर्गफुट) | 07 | 07 | — | |
| 8 | प्रयोगशाला कक्ष (1000 वर्गफुट) | 05 | 05 | — | |
| 9 | प्रयोगशाला भण्डार कक्ष (200 वर्गफुट) | 05 | 05 | — | |
| 10 | पुस्तकालय कक्ष (4000 वर्गफुट) | 01 | 01 | — | |
| 11 | आईक्यूएसी कक्ष (500 वर्गफुट) | 01 | — | 01 | |
| 12 | बहुद्देशीय हॉल (2000 वर्गफुट) | 01 | — | 01 | |
| 13 | कामन रूम छात्र (600 वर्गफुट) | 01 | — | 01 | |
| 14 | कामन रूम छात्रा (600 वर्गफुट) | 01 | — | 01 | |
| 15 | छात्रसंघ कक्ष (300 वर्गफुट) | 01 | — | 01 | |
| 16 | स्मार्ट क्लास (900 वर्गफुट) | 05 | — | 05 | |
| 17 | डिस्पेंसरी (300 वर्गफुट) | 01 | — | 01 | |
| 18 | कैन्टीन (600 वर्गफुट) | 01 | — | 01 | |
| 19 | शिक्षणेत्तर कक्ष (300 वर्गफुट) | 10 | — | 10 | |

**एजेण्डा बिन्दु 4**:—*अध्यक्ष की अनुमति से कोई अन्य सुसंगत बिन्दु।*

नैक प्रभारी/संयोजक आईक्यूएसी द्वारा अवगत कराया गया कि निदेशक उच्च शिक्षा उत्तराखण्ड महोदय के पत्रांक 4859 दिनांक 10.12.2021 के क्रम में प्राचार्य महोदय द्वारा महाविद्यालय में नैक प्रत्यायन की अद्यतन स्थिति के सम्बन्ध में आख्या चाही गई थी तथा पत्रांक 004/नैक/2021—22 द्वारा उपलब्ध कराई गई आख्या को उत्साहजनक नहीं पाया गया। अतः प्राचार्य महोदय द्वारा समस्त कार्मिकों से अपना अधिकतम योगदान देते हुए नैक प्रत्यायन की तैयारी में गति लाने हेतु निर्देशित किया गया है।

इस प्रकार आई0क्यू0ए0सी0 समिति की बैठक सम्पन्न हुई। संयोजक द्वारा समस्त उपस्थित सदस्यगण/आमंत्रित सदस्यगण का उनके बहुमूल्य सुझावों हेतु धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

(डा0 मु0 अब्दुल अलीम अन्सारी)
संयोजक, आई0क्यू0ए0सी0

प्रतिलिपिः— प्राचार्य, रा0म0वि0 चुड़ियाला, भगवानपुर हरिद्वार महोदय की सेवा में अवलोकनार्थ/अनुमोदनार्थ।
2. समस्त सदस्यगण।

(डा0 मु0 अब्दुल अलीम अन्सारी)
संयोजक, आई0क्यू0ए0सी0